मॉड्यूल 2: ज़िला बाल संरक्षण इकाई

सत्र 1: ज़िला बाल संरक्षण इकाई का परिचय और इसकी रूपरेखा

अवधि: 4:36 मिनट

मॉड्यूल 2 में आप सभी का स्वागत है पिछले सत्र में हमने राज्य तथा ज़िला स्तर के विभिन्न बाल संरक्षण संरचनाओं की रूपरेखा पर संक्षेप में विचार किया है। इस सत्र में हम ज़िला स्तर की एक महत्वपूर्ण संरचना ज़िला बाल संरक्षण इकाई के संबंध में चर्चा करेंगे। इस सत्र में हम ज़िला बाल संरक्षण इकाई और उसके कार्यों पर विस्तार से बातचीत करेंगे।

इस सत्र के समापन के बाद आप बता पाएंगे कि:

- ज़िला बाल संरक्षण इकाई क्या है?
- ज़िला बाल संरक्षण इकाई की संरचना क्या है?
- किशोर न्याय (देखरेख और संरक्षण) मॉडल नियमों, 2016 के अन्तर्गत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की भूमिका और उत्तरदायित्व क्या हैं?
- समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत इसके क्या कार्य हैं?
- बच्चों के गैर–संस्थागत देखरेख के अंतर्गत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की प्रमुख भूमिकाएं क्या हैं?
- पॉक्सो नियमों, 2020 के तहत ज़िला बाल संरक्षण इकाई की क्या जिम्मेदारियां/भूमिकाएं हैं।

सत्र 1: ज़िला बाल संरक्षण इकाई का परिचय और इसकी संरचना,

आईए सबसे पहले बाल संरक्षण इकाई की परिभाषा को जानें।

'ज़िला बाल संरक्षण इकाई' का तात्पर्य जिले के लिए एक बाल संरक्षण इकाई से है जिसे राज्य सरकार द्वारा किशोर न्याय अधिनियम की धारा 106 के तहत स्थापित किया गया है और ज़िले में इस अधिनियम के तथा बाल संरक्षण के अन्य क्रिया–कलापों के क्रियान्वयन के लिए यह इकाई केन्द्र–बिन्दू है– धारा 2 (26), किशोर न्याय अधिनियम 2015

बाल संरक्षण इकाई का गठन तथा उसे कार्यशील बनाना राज्य बाल संरक्षण समिति का मुख्य उत्तरदायित्व है। ज़िला बाल संरक्षण इकाई ज़िला स्तर पर बाल संरक्षण योजना की गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए एक मौलिक इकाई है।

आईए एक फ्लोचार्ट के माध्यम से ज़िला बाल संरक्षण इकाई की संरचना को समझें

ज़िला बाल संरक्षण इकाई, संबंधित ज़िले के ज़िला मजिस्ट्रेट के सम्पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण और पर्यवेक्षण में कार्य करती है। ज़िला मजिस्ट्रेट संबंधित ज़िला के ज़िला बाल संरक्षण समिति के सह–अध्यक्ष भी होते हैं।

1. ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी, ज़िला बाल संरक्षण इकाई का नोडल अधिकारी होता है।
2. अन्य मुख्य पदाधिकारियों में शामिल है– बाल संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख), बाल संरक्षण अधिकारी (गैर–संस्थागत देखरेख) और विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी।

3. बाल संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख) के तहत् और भी अन्य कर्मी हैं जैसे– परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, आऊटरीच कार्यकर्ता तथा सामुदायिक स्वयंसेवी।

4. परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता और आऊटरीच कार्यकर्ता, बाल संरक्षण अधिकारी (गैर–संस्थागत देखरेख) के भी मातहत कार्य करते हैं।

5. विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी के तहत् सामाजिक कार्यकर्ता, आऊटरीच कार्यकर्ता तथा सामुदायिक स्वयंसेवी भी कार्य करते हैं।

6. ज़िला बाल संरक्षण इकाई की संरचना में लेखाकार तथा सहायक सह डाटा इन्ट्री ऑपरेटर भी शामिल हैं।

(किशोर न्याय देखरेख और संरक्षण) मॉडल नियमों, 2016 के अन्तर्गत ज़िला बाल संरक्षण इकाई कई तरह की भूमिका और उत्तरदायित्व का निर्वहन करती है।

इसके अन्तर्गत मुख्य रूप से शामिल हैं:

- रिपोर्टिंग और समीक्षा
- समन्वय और सम्पर्क
- आँकड़ो का रखरखाव
- पहचान और आंकलन करना, एवं
- अन्य प्रमुख्य ज़िम्मेदारियां